मैया अम्बे मैया लाल तेरा घबराये

लाल तेरा घबराये हर पल तुझे बुलाये,
माँ लाल तेरा घबराये रो रो तुझे बुलाये,
राह निहारे सुबह शाम,
मैया अम्बे मैया मैया अम्बे मैया,

बिच भवर में मेरी नैया अटकी री माँ,
गम की लहरो में भटकी री माँ,
सूझे नहीं रस्ता कोई बन के खिवैया अब तू थाम,
मैया अम्बे मैया मैया अम्बे मैया...

ऊँचा द्वारा तेरा ऊँची शान है माँ,
रखती बच्चो का सदा ध्यान तू माँ,
तुझसा नहीं जग में कोई,
संकट हरणी माँ है तेरा नाम,
मैया अम्बे मैया मैया अम्बे मैया....

विनती सुनलो आया लख्खा दर पे तेरे,
दूर करो मैया जी, सब दुखड़े मेरे,
किस्मत सरल जाये बदल,
सालों साल में आऊं तेरे धाम,
मैया अम्बे मैया मैया अम्बे मैया....

स्वर : लखबीर सिंह लक्खा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4675/title/maiya-ambe-maiya-lal-tera-ghabraye-lal-tera-gabraye-har-pal-tujhe-bhulaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |